मुख्यमंत्री संदर्भ/तत्काल

संख्या-57/773/84-डे0ई0-13-सी0एम0-15/2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 12 नवम्बर,2013

विषय:- श्री प्रेम शंकर सिंह, निलम्बित सहायक, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम लो0नि0वि0 डिपो, वाराणसी को सेवा में बहाल किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-773/84-डे0ई0-13-सी0एम0-15/2013 दिनांक 13-9-2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सन्दर्भित पत्र में आपसे यह अपेक्षा की गयी थी कि श्री प्रेम शंकर सिंह, निलम्बित सहायक के विरूद्ध की जा रही विभागीय जाँच कार्यवाही अतिशीघ्र गुण-दोष के आधार पर अन्तिम रूप से निस्तारित कराकर शासन को अवगत कराने का कष्ट करें, परन्तु प्रकरण में की गयी कार्यवाही की सूचना से शासन को अभी तक अवगत नहीं कराया गया है। चूँकि प्रकरण के निस्तारण में निगम स्तर पर काफी विलम्ब भी हो चुका है तथा प्रश्नगत संदर्भ मा0 मुख्यमंत्री जी का लम्बित संदर्भ है। अतः कृपया श्री प्रेम शंकर सिंह, निलम्बित सहायक के विरूद्ध की गई कार्यवाही के अद्यतन स्थिति की सूचना से शासन को अविलम्ब अवगत कराने का कष्ट करें, जिससे प्रश्नगत संदर्भ को मा0 मुख्यमंत्री जी के लम्बित सन्दर्भो की कम्प्यूटर सूची से विलोपित कराया जा सके ।

भवदीय,

( धर्म चन्द्र पाण्डेय )
अनु सचिव ।

http://shrisanadesh.up.nic.in/